प्रतिबंधित संचलन

खंड–3 अंक–114 दिनांक–28/12/2018

के. रि. पु. बल ई–संवाद
सेवा एवं निष्ठा

राष्ट्रीय किसान दिवस

राष्ट्रीय किसान दिवस

23 दिसंबर 2018 को किसान दिवस के अवसर पर 190 बटा. सीआरपीएफ द्वारा कृषि अनुसंधान केंद्र, चतरा के साथ सहयोग करते हुए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया और सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत किसानों के बीच बीजों का वितरण किया गया।

23 दिसंबर 2018 को किसान दिवस के अवसर पर 218 बटा. सीआरपीएफ द्वारा बटा. की प्रत्येक लोकेशन पर जरूरतमंद किसानों के बीच बीजों का वितरण किया गया।

23 दिसंबर 2018 को किसान दिवस के अवसर पर 196 बटा. सीआरपीएफ द्वारा अपने उत्तरदायित्व वाले क्षेत्र के किसानों को पूरा समर्थन और सहयोग करते हुए 04 स्थानों दलभंगा, कुचाई, रिरिंग, और विजयगिरी में अर्थपूर्ण तरीके से इस दिवस को मनाते हुए स्थानीय किसानों को सम्मानित किया गया।

23 दिसंबर 2018 को राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ के झारखंड सेक्टर द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत 5,311 जरूरतमंद किसानों के बीच बीजों का वितरण किया गया और पूरे झारखंड में खेतों में श्रमदान का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिकों की सहायता से डॉक्यूमेंटरी प्रदर्शन, कार्यशालाओं और मिट्टी की जांच का आयोजन किया गया।

सामाजिक पहुंच

23 दिसंबर 2018 को 218 बटा. सीआरपीएफ द्वारा छात्रों की सुविधा के लिए पाबिया, जिंदाटोली और लुथरान गुमला के सरकारी स्कूलों में स्थापित पुस्तकालयों का जीर्णोद्धार करवाया गया व इसके उद्घाटन के लिए शहीदों के परिवारों को आमंत्रित किया गया।

22 दिसंबर 2018 को 60 बटा. सीआरपीएफ द्वारा ई/60 बटा. हेसाडीह के उत्तरदायित्व वाले क्षेत्र में झारखंड के जिला पश्चिमी सिंहभूम के थाना टेबो के अंतर्गत सरकारी जनजातीय आवासीय हाई स्कूल कुंडरूगुट्टू में एक लाइब्रेरी की स्थापना की गई और खेलों के सामान का वितरण किया गया।